पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: registrar@shekhauni.ac.in दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांकः 29179 दिनांक : 08/03/2025

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
जिला–सीकर व झुन्झुनू।

विषयः– विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह एवं वार्षिकोत्सव के संबंध में सूचना एवं सहभागिता के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक **28, 29 एवं 30 मार्च 2025 को दीक्षांत समारोह एवं वार्षिकोत्सव** का आयोजन किया जा रहा है। जिनका विवरण इस प्रकार हैः–

- **प्रथम दिवस –दिनांक 28.03.2025** को पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन दोपहर 12:00 बजे किया जायेगा। माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की अध्यक्षता में पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा।

  सांयकाल में माननीय कुलाधिपति महोदय के कर कमलों से विशिष्टजनों को सम्मानित करने का कार्यक्रम है साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा।

- **द्वितीय दिवस – दिनांक 29.03.2025** अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जो इस प्रकार हैः–

  नृत्य प्रतियोगिता
  गायन प्रतियोगिता
  वाद–विवाद प्रतियोगिता
  चित्रकला प्रतियोगिता
  क्विज प्रतियोगिता
  सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम

- **तृतीय दिवस – दिनांक 30.03.2025** राजस्थान स्थापना दिवस पर केन्द्रित विचार संगोष्ठी, सायंकालीन दिनांक 29.03.2025 को आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम।

समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों से आग्रह है कि उक्त तीनों दिवस में आपकी संस्था के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता हेतु रूपरेखा तैयार करवाएं।

यहां यह भी आपकी जानकारी में लाना सुसंगत होगा कि उपरोक्त तीनों दिवसों (दिनांक 28.03.2025 से 30.03.2025 तक) में विश्वविद्यालय प्रांगण में **पुस्तक मेले का आयोजन, सुरूचि व्यंजन पाण्डाल, हस्तशिल्प उद्यमिता/स्टार्टअप प्रदर्शनी तथा शेखावाटी की शिक्षा, कला, संस्कृति एवं धरोहर केन्द्रित चित्र प्रदर्शनी** के पाण्डाल लगाए जायेंगे। इन पाण्डालों में देश–प्रदेश के पुस्तक आपूर्तिकर्ता, खाद्य सामग्री (Food Stall) एवं हैंडीक्राफ्ट की प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

उक्त के अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी व्यवस्था की है कि **सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय अपने यहां किये गये नवाचार, बेस्ट प्रैक्टिसेज या अन्य कोई उपलब्धि** जो महाविद्यालय ने या महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राप्त की है को प्रदर्शित करने हेतु इन तीन दिवस में निशुल्क पाण्डाल उपलब्ध करवाया जायेगा।

अतः उपरोक्त कार्यक्रमों में महाविद्यालयों की सहभागिता सादर अपेक्षित है।

शीघ्र ही इस कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा/Brochure विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहे जिससे संबंधित सूचनाऐं आप तक पहुंचती रहें।

उप कुलसचिव (शैक्षणिक)

क्रमांक 29180 – 182

दिनांक– 08/03/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
3. संस्थापन शाखा, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
4. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव (शैक्षणिक)